दैनिक भास्कर 08/01/2025

जीएमएन के छात्रों का समर इंटर्नशिप प्रोग्राम में चयन

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज के छात्रों का चयन प्रतिष्ठित अलायंस विजन समर इंटर्नशिप प्रोग्राम में हुआ है। प्रोग्राम में कुल 52 छात्रों ने भाग लिया था, जिनमें से कड़ी चयन प्रक्रिया के बाद 7 छात्रों को वेतनभोगी इंटर्नशिप के लिए चुना गया। चयनित छात्रों को उनकी भूमिका और प्रदर्शन के आधार पर 10 हजार से 15 हजार रुपए प्रति माह तक का स्टायफंड मिलेगा। चयनित छात्र में एमबीए से भावी शर्मा व खुशी, बीबीए से मनीषा खुराना, मयंक शर्मा, मोहिनी वर्मा, पलक राजपूत, सजल यादव शामिल है। कॅरियर रिसोर्स कमेटी की संयोजक डॉ. भारती सुजान ने बताया कि कॉलेज के लिए ये गर्व का क्षण है।